Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Construction of an Overbridge over Ganga River in Katihar Parliamentary Constituency

श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी (कटिहार): महोदय, मैं बिहार राज्य अंतर्गत संसदीय क्षेत्र कटिहार में एन.एच. 31 फुलवरिया चौक से राज्य राजमार्ग (डिस्ट्रिक्ट मेजर रोड), जो बरारी प्रखण्ड के काढ़ागोला गंगा घाट तक जाती है और गंगा नदी के उस पार भागलपुर जिले के पीरपैंती में एन.एच. 80 के पास मिलती है। मैं आपके माध्यम से माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से मांग करता हूं कि एन.एच. 31 फुलवरिया से राज्य राजमार्ग (मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड) बरारी प्रखण्ड के काढ़ागोला गंगा घाट से पीरपैंती तक, नया एनएच फोर लेन के साथ-साथ गंगा नदी पर ब्रिज का निर्माण कराया जाए। इसका निर्माण हो जाने से बिहार, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल सहित पड़ोसी देश नेपाल तक से जुड़ जाएगा। इसका निर्माण हो जाने से आवागमन सुचारू रूप से हो सकेगा और व्यापार एवं रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। यह उस क्षेत्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। मैं भारत सरकार से इसके लिए मांग करता हूं। आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए धन्यवाद।